अग्रवाल महाविद्यालय में संयुक्त परेड अभ्यास का आयोजन

आज दिनांक 15 जून 2022 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता क़े दिशा निर्देशन में एनसीसी के अंतर्गत संयुक्त परेड अभ्यास का आयोजन किया गया । इस ट्रेनिंग का आयोजन 1 हरियाणा नेवल यूनिट के द्वारा किया गया । इसमें अग्रवाल महाविद्यालय, जे.सी.बोस वाईएमसीए विश्वविद्यालय व शहीद स्मारक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तिगांव के कैडेट ने संयुक्त रूप से ट्रेनिंग अभ्यास किया है । 1 हरियाणा नेवल यूनिट से पीआई स्टाफ पंकज सिंह व दयाशंकर यादव ने कैडेट को ड्रिल के जरूरी व महत्वपूर्ण बुनियादी नियम बताते हुए सावधान, विश्राम, लाइन तोड़, मध्य से तेज चल व सैल्यूट करने का अभ्यास कराया । सभी कैडेट में पूरी तन्मयता के साथ संयुक्त परेड का अभ्यास किया । ट्रेनिंग कार्यक्रम को क्रियान्वित कराने में 1हरियाणा नेवल यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन विवेक कुमार, यूनिट स्टाफ सदस्य व अग्रवाल महाविद्यालय के एएनओ का संपूर्ण योगदान रहा ।